भारत आस्था का देश

By : INVC Team Published On : 7 Mar, 2019 03:43 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़ लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि भारत आस्था का देश है। आस्था हमारे देश को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक बांधती है। हमारे देश में भाषा, बोली, खान-पान आदि के विविध रूप हैं। लेकिन आस्था हमें एक राष्ट्रीयता से सम्बद्ध करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार इस आस्था का सम्मान करती है। इसी क्रम में आज का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री जी आज यहां लोक भवन में कैलाश मानसरोवर तथा सिन्धु दर्शन के वर्ष 2018-19 के तीर्थ यात्रियों को अनुदान वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कैलाश मानसरोवर एवं सिन्धु दर्शन के 10-10 यात्रियों को स्वयं अनुदान राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों को 01-01 लाख रुपए तथा सिन्धु दर्शन यात्रा के तीर्थ यात्रियों को 10-10 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर उन्होंने सिन्धु दर्शन यात्रा के तीर्थ यात्रियों को दी जाने वाली अनुदान धनराशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों डॉ0 रचना बनर्जी, श्री मुन्नी लाल शुक्ल, श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, सुश्री ऋतु पाण्डेय, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, सुश्री शोभा रानी, सुश्री मीनाक्षी, श्री धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित, श्री हेमन्त कुमार दीक्षित तथा सुश्री रोमा सोढ़ी को अनुदान राशि का प्रतीकात्मक चेक दिया। उन्होंने सिन्धु दर्शन यात्रा के तीर्थ यात्रियों श्री मिथलेश कुमार सिंह, श्री योगेन्द्र कुमार सिंह, सुश्री सुमन दुबे, श्री योगेन्द्र अग्रवाल, श्री विजयेन्द्र कुमार गर्ग, श्री सुयश शाही, श्री पंकज श्रीवास्तव, श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, श्री कृष्ण दत्त मिश्रा तथा श्री कमल कुमार सांवलानी को अनुदान राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री जी ने इन विशिष्ट आध्यात्मिक अनुभूति से युक्त यात्राओं पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार और केन्द्र सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं आदि को बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध कराने के साथ ही, जन आस्थाओं के अनुरूप भी अनेक कदम उठा रही है। राज्य सरकार ने आस्था का सम्मान करते हुए अयोध्या में 'दीपोत्सव', काशी में 'देव दीपावली', बरसाना में 'रंगोत्सव' सहित प्रयागराज कुम्भ-2019 का भव्य और दिव्य आयोजन सम्पन्न कराया है। आस्था के सम्मान स्वरूप ही केन्द्र सरकार के सहयोग से 450 वर्षों के पश्चात् प्रयागराज कुम्भ में अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आस्था के सम्मान तहत वर्तमान राज्य सरकार गाजियाबाद में 'कैलाश मानसरोवर भवन' तथा उत्तराखण्ड राज्य के हरिद्वार एवं बद्रीनाथ में प्रदेशवासियों के लिए 'अतिथि शाला' का निर्माण करा रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। सिन्धु दर्शन यात्रा के तीर्थ यात्रियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश में नदियों की विशेष मान्यता है। प्रायः सभी नदियां आध्यात्मिक दृष्टि से पवित्र मानी जाती हैं। यह नदियां हमारे देश की एकता और एकात्मकता को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि सिन्धु दर्शन यात्रा के तीर्थ यात्री भी यात्रा से पूर्व रजिस्ट्रेशन कराएं, जिससे आधिकारिक यात्री सिन्धु दर्शन यात्रा पर जा सकें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान केन्द्र और प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ कार्य कर रही हैं। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, आतंकवाद मुक्त और गरीबी से मुक्ति की दिशा में ईमानदारी से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतवर्ष तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा देश इसी तेजी से विकास करता रहा, तो पूरी दुनिया भारत के पीछे खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी प्रयागराज कुम्भ में स्नान के उपरान्त जिस भाव के साथ सफाईकर्मियों के पांव धो रहे थे, देश इसे भुला नहीं सकता। यह सामाजिक समरसता का एक जीवन्त उदाहरण है। कार्यक्रम को धर्मार्थ कार्य मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी विश्व में देश की प्रतिष्ठा स्थापित कर रहे हैं, उसी प्रकार मुख्यमंत्री जी देश में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी प्राइवेट एजेन्सियों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भी अनुदान राशि उपलब्ध करा रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए अपर मुख्य सचिव धर्मार्थ कार्य श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा विगत वर्ष से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों की अनुदान राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 01 लाख रुपए किया गया है। इसे आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के बैंक खाते में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिन्धु दर्शन यात्रा के 62 तीर्थ यात्रियों के खाते में भी 10-10 हजार रुपए की अनुदान धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से भेजी जा रही है। श्री अवस्थी ने कहा कि गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन तेजी से बन रहा है। हमारा प्रयास होगा कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों के सम्बन्ध में अगला कार्यक्रम नवनिर्मित भवन में सम्पन्न हो। उन्होंने बताया कि कल 08 मार्च, 2019 को प्रधानमंत्री जी वाराणसी में धर्मार्थ कार्य विभाग की 'श्री काशी विश्वनाथ धाम' परियोजना की आधारशिला रखेंगे। कार्यक्रम को कैलाश मानसरोवर सेवा समिति, दिल्ली के अध्यक्ष श्री उदय कौशिक एवं सिन्धु दर्शन यात्रा के सह प्रभारी श्री संदीप ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री मोहसिन रज़ा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कैलाश मानसरोवर सेवा समिति, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री के0के0 सिंह, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा

कैलाश मानसरोवर एवं सिन्धु दर्शन यात्रा के तीर्थ यात्री उपस्थित थे।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/भारत-आस्था-का-देश/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.

www.internationalnewsandviews.com